दिन– गुरूवार                                                    दिनांक– 02 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ की तर्ज पर राजकीय मार्गों और बड़े पुलों पर आवागमन के दौरान टोल–टैक्स देना होगा।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का लोकार्पण और मेट्रो सेवा का विस्तार करेंगे।

03. केंद्र सरकार ने भारत में व्हाट्सएप पर नये यूजरनेम फीचर को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया।

04. और, मौसम विभाग का आज कटिहार, मधुबनी, सीतामढ़ी और पश्मिच चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

**समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ की तर्ज पर राजकीय मार्गों और बड़े पुलों पर आवागमन के दौरान टोल–टैक्स देना होगा। इस संबंध में राज्य मंत्रिमंडल ने पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली दो हजार छब्बीस को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि नई नियमावली के तहत कार, जीप जैसे हल्के वाहनों के लिए एक रुपये पच्चीस पैसे प्रति किलोमीटर की दर तय की गयी है। छोटे व्यवसायिक वाहनों के लिए यह दर दो रुपये प्रति किलोमीटर, बड़े निर्माण वाहनों और अन्य वाहनों के लिए टोल की दर छह रुपये से आठ रुपये दस पैसे प्रति किलोमीटर तक निर्धारित है।

——साउंड बाइट——

एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यान्वयन के लिए बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी को नोडल एजेंसी बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि योजना के तहत कार्यरत अकुशल मजदूरों के लिए सात घंटे के कार्यदिवस के आधार पर मिट्टी कटाई जैसे कार्यों में लगे श्रमिकों को मजदूरी की निर्धारित दर को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की।

——साउंड बाइट——

कैबिनेट ने पटना नगर निगम की ओर से दो सौ करोड़ रुपये का बांड जारी किये जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के बाद पटना नगर निगम बांड जारी करने वाला प्रदेश का पहला निकाय बन जाएगा। बांड से प्राप्त राशि से शहर की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। कैबिनेट ने कुल उनतीस प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक कॉरिडोर के तहत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का लोकार्पण और मेट्रो सेवा का विस्तार करेंगे। इसके साथ ही पटना में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक हो जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद नितिन नवीन तथा सांसद रविशंकर प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। नगर विकास और आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने बताया कि मलाही पकड़ी स्टेशन के बाद मेट्रो भूमिगत हो जाएगी। इसके लिए छह भूमिगत स्टेशनों का निर्माण जारी है। इनमें राजेन्द्र नगर, मोईनुल हक स्टेडियम, पटना साइंस कॉलेज, पीएमसीएच, गांधी मैदान और आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। गौरतलब है कि पहले चरण में अभी तक मेट्रो का परिचालन बैरिया स्थित पाटलिपुत्र बस स्टैंड, जीरो माईल से होकर भूतनाथ तक ही किया जा रहा था।

———————————————————————

प्रदेश में आज बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य सरकार ने प्रदेशभर में आठ जुलाई तक बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना के ज्ञान भवन में आज विकसित भारत, समृद्ध बिहार के तत्वावधान में बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इधर, इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने राज्य के सभी नागरिकों से अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथिमिकता देने का आह्वान किया है।

———————————————————————

प्रदेश में अब दूसरे राज्यों के चिकित्सक, नर्स और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर बिना पंजीयन के प्रैक्टिस कर सकेंगे। राज्य सरकार ने बिहार चिकित्सा (संशोधन) अध्यादेश, दो हजार छब्बीस और बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) अध्यादेश, दो हजार छब्बीस को लागू कर दिया है। इसके तहत अब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग या किसी अन्य राज्य की राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकृत चिकित्सक, केवल निर्धारित प्रारूप में स्व–प्रमाणन पोर्टल पर अपलोड कर राज्य में विधिसम्मत रूप से कार्य कर सकेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने भारत में व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर की शुरुआत करने के मामले में मेटा को नोटिस जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सरकार ने विस्तृत जानकारी तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

———————————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें नगर परिषद, दानापुर निजामत के पार्षद पदों के आरक्षण के संबंध में आयोग की ओर से एक पत्र प्रसारित किया जा रहा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह पत्र पूरी तरह भ्रामक और फर्जी है। आयोग ने आधिकारिक सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर लोगों को जाने की सलाह दी है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि–ई.पी.एफ. योजना दो हजार छब्बीस को अधिसूचित कर दिया है। यह योजना उनतीस जून से प्रभावी हो गई है। नई योजना उन्नीस सौ बावन की कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम का स्थान लेगी। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल अनुपालन को मजबूत करना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना, खातों के स्थानांतरण को आसान बनाना और भविष्य निधि ढांचे को नए श्रम कानून के अनुरूप बनाना है। नई योजना में, अनिवार्य ई.पी.एफ. अंशदान कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के वेतन का बारह प्रतिशत बना रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर मौजूदा दस प्रतिशत की दर लागू रहेगी। योजना में आंशिक निकासी के नियमों को भी अद्यतन किया गया है। योजना में पारदर्शिता में सुधार और भविष्य निधि प्रबंधन को अधिक

कुशल बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, ऑनलाइन दावों, ई–पासबुक और यूनिवर्सल खाता संख्या से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति के तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान–एनआईओएस के अठारह माह के डीईएलएड कोर्स की योग्यता पर बहाल शिक्षकों की सेवा समाप्त की जाएगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार अठारह महीने की डीईएलएड की उपाधि विद्यालय अध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए मान्य नहीं होगी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, मधुबनी, सीतामढ़ी और पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात की आशंका है। विभाग ने पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिले में भी कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भाग के जिलों में एक दो स्थानों पर वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की संभावना है।

––साउंड बाइट––

पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज जिले के भोर में सबसे अधिक बानवे दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इस बीच, मौसम विभाग ने अपने मासिक पूर्वानुमान में कहा है कि प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में जुलाई महीने में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान भी सामान्य से अधिक बना रहेगा।

———————————————————————

झारखंड पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने रांची में अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान राजद से वैशाली के पूर्व विधान पार्षद सुबोध राय समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान तीन सौ तीन पेटी विदेशी शराब भी जब्त की गयी है।

———————————————————————

मधुबनी जिले में ऐतिहासिक वार्षिक सौराठ सभा का आज विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा मुख्य अतिथी के रुप में उपस्थित होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सौराठ सभा के दौरान मैथिल समाज विवाह के लिए योग्य वर वधु की तलाश पूरी करता है। साथ ही समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

———————————————————————

अऱवल जिला प्रशासन ने महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित 14वीं जूनियर तथा सब–जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। जिले के चार खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

———————————————————————

मुगेर जिले के पुरबसराय थाना क्षेत्र के दिलावरपुर में छापेमारी कर पुलिस ने नकली सिगरेट फैक्ट्री का उदभेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में नकली सिगरेट सहित सिगरेट बनाने वाले सामान और साढ़े नौ लाख रुपये नकद जब्त किया है।

———————————————————————

भारत और इंग्लैंड के बीच चेस्टर–ली–स्ट्रीट में खेला गया पहला टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। हालांकि पहली पारी का मैच पूरा खेला गया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट पर एक सौ नवासी रन बनाए। बारिश के कारण इंग्लैंड अपनी पारी शुरू नहीं कर सका। गौरतलब है कि इस मैच में वैभव सूर्यवंशी टीम–इलेवन में शामिल नहीं थे। श्रृंखला का दूसरा टी–ट्वेंटी मैच शनिवार को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – बिहार पुलिस प्रशासन में बड़ा फेर बदल। पुलिस प्रशासन के दो हजार चौदह अधिकारी इधर से उधर।

दैनिक जागरण ने राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – ग्रामीण मजदूरों को सात घंटे काम की तीन सौ रुपये मजदूरी।

दैनिक भास्कर लिखता है – भाभुक पल... नये आर्मी चीफ सेठ ने लेफ्टिनेंट जनरल रहे पिता को सैल्यूट किया, पैर छुकर लिया आर्शीवाद।

प्रभात खबर ने राममंदिर चंदा चोरी से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – चढ़ावा चोरी के आरोपी के कमरे में मिला, रामराज कोष का संदूक। अब तक अस्सी लाख रुपये हो चुके हैं बरामद।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ की तर्ज पर राजकीय मार्गों और बड़े पुलों पर आवागमन के दौरान टोल–टैक्स देना होगा।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का लोकार्पण और मेट्रो सेवा का विस्तार करेंगे।

03. केंद्र सरकार ने भारत में व्हाट्सएप पर नये यूजरनेम फीचर को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया।

04. और, मौसम विभाग का आज कटिहार, मधुबनी, सीतामढ़ी और पश्मिच चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।